**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–13.12.2024 (संध्या 1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ–2025 का किया औपचारिक उद्घाटन, कहा–एकता और समानता का महायज्ञ होगा महाकुंभ, 6 हजार करोड़ की योजनाओं को राष्ट्र को किया समर्पित।**
2. **बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के केंद्रीय राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर पहुंचे गुमला, केंद्र द्वारा संचालित विकास योजनाओं की ली जानकारी।**
3. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संताल दौरे के पहले दिन बाबा बैद्यनाथ धाम में की पूजा अर्चना, कल कई योजनाओं का करेंगे उद्घाटन और शिलांयास।**
4. **राज्यभर की अदालतों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन, 10 लाख मामलों के निपटारे का है लक्ष्य।**
5. **68वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स हॉकी के फाइनल मैच में मध्य प्रदेश को दो शून्य से हराकर झारखंड अंडर 14 गर्ल्स हॉकी टीम बना चैंपियन।**

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि महाकुंभ 2025 एकता और समानता का ऐसा महायज्ञ होगा जो राष्ट्र का मार्गदर्शन करेगा और इसकी चर्चा पूरे विश्व में होगी। श्रीमोदी आज प्रयागराज के संगम क्षेत्र में महाकुंभ–2025 का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। महाकुंभ 2025 आधिकारिक रूप से अगले वर्ष 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने लगभग छह हजार छह सौ सत्तर करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया। श्री मोदी ने कहा कि यह आयोजन एक भारत श्रेष्ठ भारत का वास्तविक प्रतिनिधित्व करता है।

श्रीमोदी ने महाकुंभ के दौरान स्वच्छता और सफाई अभियान पर भी जोर दिया।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कुंभ सहायक चैटबोट का भी शुभारंभ किया। जिसमें महाकुंभ मेला 2025 की गतिविधियों के बारे में श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन और विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी।

***************

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के केंद्रीय राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर आज गुमला दौरे पर पहुंचे। इस दौरान श्रीठाकुर ने गुमला समाहरणालय सभागार में बैठक कर जिले में संचालित योजनाओं की समीक्षा की। श्रीठाकुर ने कहा कि केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली गई।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ आज देवघर पहुंचे। वहां उन्होंने बाबा बैद्यनाथ और बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री कल भोगनाडीह में कई विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास के साथ ही लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण करेंगे।

***************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि चुनाव से पहले रेवड़ी की तरह मंईयां सम्मान योजना की राशि बांटने वाली हेमंत सरकार अब महिलाओं से पैसे वसूली की तैयारी कर रही है।

***************

नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी–नालसा और झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार–झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष के निर्देश पर कल राज्य भर की अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। लोक अदालत में राज्य भर के दस लाख मामलों को निष्पादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

***************

नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन का आज शुभारंभ हुआ। यह सम्मेलन, सहकारी संवाद को मजबूत करने, विकास एवं प्रगति हासिल करने की दिशा में केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने को लेकर आयोजित किया जा रहा है। झारखंड सरकार की तरफ से इस सम्मेलन में मुख्य सचिव अलका तिवारी, योजना विभाग के प्रधान सचिव मस्त राम मीना, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन और उद्योग विभाग के सचिव जीतेन्द्र कुमार सिंह शामिल हुए।

***************

जामताड़ा जिले के जामताड़ा– धनबाद मुख्य मार्ग के मोहड़ा पुराना पुल के पास से पुलिस ने डकैती की योजना बनाते चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक एहतेशाम बकारिब ने बताया कि अपराधियों के पास से अथियार बरामद किए गए हैं।

***************

लोहरदगा के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा है कि राज्य सरकार के निर्देश के अनुसार पंद्रह दिसंबर से धान की खरीद शुरू हो रही है। धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार तीन सौ रूपये प्रति क्विंटल और बोनस के रूप में सौ रूपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा। धान क्रय के लिए दो किसान उत्पादक समूह–एफपीओ और इक्कीस धान अधिप्राप्ति केंद्र–लैम्पस का चयन किया गया है।

***************

हजारीबाग जिले में 15 दिसंबर से शुरू होने वाली धान खरीदारी की तैयारी पूरी कर ली गई है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

***************

68वीं राष्ट्रीय स्कूली गेम्स हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मध्य प्रदेश को दो शून्य से हराकर झारखंड अंडर 14 गर्ल्स हॉकी टीम चैंपियन बनी है। मध्य प्रदेश के मंदसौर में चल रही इस प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया।

***************

**अब कुछ संक्षिप्त खबरें**

- साहिबगंज के उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समाज कल्याण की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान सावित्रीबाई फुले योजना में प्रखंडों की रैंकिंग असंतोषप्रद पाई गई, जिसमें सुधार का निर्देश दिया गया।
- हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट लेवल एक्सपोर्ट प्रमोशन कमेटी और पीएम विश्वकर्मा योजना को लेकर बैठक हुई जिसमें आवेदन, प्रशिक्षण सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।
- लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में बस और ट्रक की आमने–सामने टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं।
- सरायकेला–खरसावां स्थित इंजीनियरिंग डेवलपमेंट एंड इनोवेशन सेंटर में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

***************